शाहजहांपुर पुलिस

प्रेस नोट-सराहनीय कार्य दिनांक : 04.10.2024

"थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा चोरी के माल सहित दो शातिर चोरो को किया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर महोदय के निर्देशनुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व श्रीमान क्षेत्राधिकारी पुंवायाँ के कुशल पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे अपराध रोकधाम व गिरफ्तारी वाँछित अभियुक्त के क्रम में श्री हरपाल सिंह बालियान प्रभारी निरीक्षक पुवायाँ के नेतृत्व मे थाना पुवायाँ पुलिस द्वारा चोरी के माल सहित चोर तथा चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी को किया गिरफ्तार।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 03.10.2024 को वादिनी श्रीमती स्वाती शुक्ला पत्नी विनय शुक्ला निवासी ग्राम नाहिल थाना पुवायाँ शहजहांपुर बावत अज्ञात चोर द्वारा 100 ब्रीसिंग,50 वाटिकल,40 रनर सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध में मु0अ0स0 672/24 धारा 303(2) बनाम अज्ञात चोरो द्वारा चोरी करने के सम्बन्ध मे पंजीकृत कराया। विवेचना के क्रम मे आज दिनांक 04.10.2024 को दौराने रात्रि गस्त मुखबिर खास सूचना मिली कि आपके मुकदमे की चोरी से संबंधित अभियुक्तगण आज फिर किसी घटना को अंजाम देने के लिये घर से मोटरसाइकिल लेकर निकले है और ग्राम जठियापुर खुर्द जाने वाले रास्ते से ग्राम गुधनी की और जा रहे है। यदि जल्दी की जाये पकडे जा सकते है इस सूचना पर विश्वास करके मुखविर के बताये स्थान से दो व्यक्तियो को मोटरसाईकिल पर एक प्लास्टिक के कट्टे सहित पकड़ लिया जिनसे नाम पता पूछा तो पहले ने अपना नाम टिंकू पुत्र जमुनादीन नि0 ग्राम सुनारा बुजुर्ग थाना पुवायां जनपद शाहजहांपुर जिससे दो हजार रुपये नगद बरामद हुए तथा दूसरे ने अपना नाम मुन्ना पुत्र रमजानी नि0मो0 तकिया निगोही रोड थाना पुवांया जनपद शाहजहांपुर बताया हाथ में लिये कट्टे की तलाशी ली गई तो उसमें 19 अदद लोहे के पाईपनुमा वाटिकल लोहा बरामद हुए जिन्हे वादिनी द्वारा भी पहचाना गया अतः अभियुक्तगण उपरोक्त को उनके जुर्म धारा से अवगत कराते हुए समय करीब 07.00 बजे नियमानुसार हिरासत पुलिस लिया गया। अभियुक्तगण को अग्रिम विधिक कार्यवाही के पश्चात मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. टिंकू पुत्र जमुनादीन नि0 ग्राम सुनारा बुजुर्ग थाना पुवायां जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 26 वर्ष
2. मुन्ना पुत्र रमजानी नि0मो0 तकिया निगोही रोड थाना पुवांया जनपद शाहजहांपुर उम्र करीब 35 वर्ष।

पंजीकृत अभियोगः –

1. मु0अ0सं0 672/2024 धारा 303 (2)/317(2) बीएनएस थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर।

बरामदगी का विवरण –

1. नगद 2000/- रू
2. 19 पाईपनुमा वाटिकल लोहा
3. अदद मोटर साईकिल (207 एम0वी0 एक्ट में)

पूछताछ विवरणः-

अभियुक्त टिंकू उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि अब से करीब 10 , 12 दिन पूर्व ग्राम हरना नगला की नवनिर्माण हो रही टंकी के पास गया था वहाँ पर लोहे का सामान बिखरा हुआ था उसे देखकर मेरे मन मे लालच आ गया कि कुछ समान चोरी करके उसको बेचकर अपना जीवन यापन कर लुंगा उसके एक दिन बाद रात्रि मे मैं टंकी पर गया और मैने वहाँ से लोहे का सामान चोरी कर पहले एक बाग मे छिपा कर रख दिया तथा उसमे से कुछ सामान मैने

एक चलते फिरते कबाड़ी को बेच कुछ सामान मैने पाँच हजार रुपये में बेच दिया था जिनसे मे तीन हजार रुपये खर्च हो गये बाकि जो दो हजार रुपये मुझसे बरामद हुए यह वही रुपये है जो मैने चोरी किये सामान को बेचकर कबाड़ी से प्राप्त किये थे कुछ सामान मैने अपने घर पर कट्टे मे बांधकर छिपाकर रखा था जो मैने निगोही रोड़ पुवायाँ मे मुन्ना पुत्र रमजानी को बेचने के लिए बताया था मुन्ना ने कहा कि मैं देखकर सौदा करुंगा तो वह मोटरसाईकिल पर मेरे साथ मेरे गांव आया और उसने पूरा सामान 600 रुपये मे तय कर लिया और कहा कि इसे मेरी दुकान पर छोड़ने चलो मैं वहाँ जाकर इसका पेमेन्ट कर दुंगा। आज हम लोग वहीँ सामान लेकर पुवायाँ की ओर आ रहे थे कि रास्ते मे आप लोगो ने पकड़ लिया।

अभियुक्त मुन्ना उपरोक्त ने पूछताछ पर बताया कि मै पुवायां से निगोही रोड पर लोहे आदि का कबाडा खरीदने का काम करता हूँ कल मेरे पास टिंकू पुत्र जमुनादीन लोहे का सामान बेचने के लिए बात करने आया था और उसने कहा था कि मेरे घर पर एक कट्टा लोहा रखा हुआ है मैने उसे लेकर आने को कहा तो उसने कहा कि चलकर देख लो तो उसके कहने पर आज सुबह सुबह मैं उसके घर पहुँचा वहाँ सामान देखकर मैने उस सामान के 500 रुपये बताये टिंकी ने उस सामान के एक हजार रुपये मांगे, मैने कहा चोरी का सामान है एक हजार रुपये बहुत ज्यादा है मैने उसके 600 रुपये लगा दिये जिस पर वह तैयार हो गया। उस सामान को लेकर में टिंकू की मोटरसाइकिल से अपनी कबाड़े की दुकान पुवायाँ पर आ रहा था कि आप लोगो ने पकड़ लिया

गिरफ्तारी टीम का विवरण:-

1. प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह बालियान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
2. उ0नि0 श्री शारंग कुमार चौहान थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
3. हे0का0 180 धीरेन्द्र प्रताप सिह थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर
4. का0 1339 सुनील कुमार थाना पुवायाँ जनपद शाहजहांपुर